मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 207, मुंबई, बुधवार, 4 अक्टूबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# महाराष्ट्र में फिर आएगा सियासी भूकंप?

## अजित दादा खफा, शिंदे-फडणवीस पहुंचे दिल्ली



### सुप्रिया का बड़ा दावा

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आने की आशंका है। पिछले कुछ दिनों से चर्चा है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार नाराज हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दिल्ली पहुंचे हैं। कहा जा रहा है कि कद्दावर नेता अजित दादा अपनी मांगे नहीं माने जाने से खफा हैं। इसी को लेकर शिंदे-फडणवीस दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात करने वाले है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजित पवार ने अपने खेमें के नेताओं की तत्काल देवगिरी बंगले पर बैठक बुलाई है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### क्यों नाराज है अजित दादा?

उधर, मुंबई में बीजेपी के एक कार्यक्रम में देवेंद्र फडणवीस ने साफ कहा कि बीजेपी ही महायुती (शिवसेना-बीजेपी और अजित दादा गुट एनसीपी गठबंधन) में बड़ा भाई है। इससे महायुती में अंदरूनी नाराजगी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र कैबिनेट विस्तार का फॉमूर्ला तय हो गया है। जिसमें बीजेपी से 8 और शिवसेना से 6 नेता मंत्री बनाये जाएंगे। जबकि अजित दादा भी कुछ और मंत्री पद चाहते है। साथ ही वो सतारा और पुणे के पालक मंत्री पद भी अपने गुट के लिए चाहते है. लेकिन शिंदे और फडणवीस सहमत नहीं हो रहे है।

### जीएसटी बैठक में नहीं जाएंगे

अजित पवार (मंगलवार) कैबिनेट बैठक में भी नहीं गए। वजह बताई गई कि अजित पवार बीमार हैं। खबर है कि अजित दादा 7 अक्टूबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए भी दिल्ली नहीं जाएंगे। बताया जा रहा है कि दीपक केसरकर उस बैठक में शामिल होंगे और अजित पवार नासिक में एक सभा करेंगे। इस वजह से भी राजनीतिक गलियारे में उनके नाराज होने की चर्चा छिड़ गई है।

## 5वें ब्राइट अवार्ड्स 2023 और डॉ योगेश लखानी के जन्मदिन समारोह में शिल्पा शेट्टी, हेमा मालिनी, मनीष पॉल, नील नितिन मुकेश, अमृता फडणवीस और अन्य सितारे हुये शामिल



(समाचार पृष्ठ 7 पर)

## कटनी स्कूल मामला

### नारी शक्ति एक नई पहल संस्था की संस्थापक और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता डॉ नूपुर धमीजा ने घटना को बताया दुखद




संस्था के माध्यम से पूरे मामले में न्यायालय के कार्य में पूर्ण रूप से निःशुल्क की जाएगी मदद और बच्चियों को न्यायालय से संस्था दिलाएगी न्याय

(समाचार पृष्ठ 4-5 पर)

## न दवा, न पानी... गर्भवती वार्ड में शराब की बोतलें... ....नांदेड के सरकारी अस्पताल का शर्मनाक...




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड के सरकारी अस्पताल में दो दिनों में 16 नवजात बच्चे समेत 31 मरीजों की मौत ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। डॉ. शंकरराव चव्हाण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मराठवाडा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल है। आरोप है कि अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था की ढिलाई के कारण मरीजों की मौत हो रही है। चारों तरफ अव्यवस्था है। वहीं दवाओं की कमी का भी आरोप लगाया जा रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, नांदेड के सरकारी अस्पताल में मरीजों की मौत के मामले में पूरी जांच होगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# मूड अब यूक्रेन विरोधी?




**मध्य यूरोपीय देश स्लोवाकिया के चुनाव में ऐसी पार्टी को सर्वाधिक समर्थन मिला, जिसका एजेंडा यूक्रेन की मदद रोकना है। चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद पार्टी नेता रॉबर्ट फिसो ने तो यहां तक कह दिया कि इस युद्ध के लिए रूस दोषी नहीं है।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की को पिछले महीने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान यह अहसास जरूर हुआ होगा कि रूस के खिलाफ युद्ध में उनके देश को समर्थन देने के लिए वहां उत्साह अब काफी घट चुका है। हालात यहां तक हो गए कि रिपब्लिकन बहुमत वाले हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने सदन को संबोधित करने के जेलेन्स्की के अनुरोध को ठुकरा दिया। अब तो वहां रिपब्लिकन पार्टी के धुर दक्षिणपंथी सदस्य यूक्रेन को दी जा रही आर्थिक मदद को रुकवाने के लिए बिल लाने तक की बात कर रहे हैं। उधर यूरोप में भी हालात बेहतर नहीं हैं। मध्य यूरोपीय देश स्लोवाकिया के चुनाव में ऐसी पार्टी को सर्वाधिक समर्थन मिला, जिसका एजेंडा यूक्रेन की मदद रोकना है। चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद पार्टी नेता रॉबर्ट फिसो ने तो यहां तक कह दिया कि इस युद्ध के लिए रूस दोषी नहीं है। उधर पूर्वी यूरोपीय देश पोलैंड में 15 अक्टूबर को संसदीय चुनाव होने वाला है। देश के मूड को देखते हुए सत्ताधारी लॉ एंड जस्टिस पार्टी को भी यूक्रेन के खिलाफ बयान देने पड़ रहे हैं, जबकि वर्तमान सरकार ने आरंभ में रूस के खिलाफ आक्रामक रुख अपना रखा था। विपक्षी पार्टी तो खुलेआम यूक्रेन की किसी प्रकार की मदद करने के खिलाफ है। इसी तरह भावनाएं फैलने की खबर बाकी यूरोपीय देशों से भी लगातार आ रही है। स्लोवाकिया में फिसो की स्लोवाक सोशल डेमोक्रेसी पार्टी ने वादा किया था कि चुनाव जीतने पर वह यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोक देगी। वहां यूक्रेन समर्थकों की उम्मीद अब इस पर टिकी है कि पूर्ण बहुमत ना मिलने के कारण अभी फिसो को गठबंधन की कई मुश्किल वार्ताओं से गुजरना होगा। इसके बावजूद चुनाव नतीजे ने यह साफ कर दिया है कि स्लोवाकिया में आम लोग युद्ध को लेकर उत्साहित नहीं हैं। स्लोवाकिया यूरोपियन यूनियन और नाटो दोनों का सदस्य है। इसलिए वहां के चुनाव नतीजे पर दुनिया भर की नजर थी। इससे संकेत यह मिला कि यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोप में आम जन की बढ़ी मुश्किलें अब जनमत को प्रभावित करने लगी हैं।

# कम समय में अच्छा नाम बनाने वाली मशहूर पत्रकार आरती वर्मा

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**देहरादून।** छोटे शहर की रहने वाली एक लड़की जिसका नाम आरती वर्मा है कुछ समय पूर्व ही पत्रकारिता लाइन से जुड़ी लेकिन आज पत्रकार आरती वर्मा ने पत्रकारिता लाइन में अच्छे अच्छे पत्रकारों को मात देती हुई आगे निकल रही है आरती वर्मा देहरादून में निष्पक्ष पत्रकारिता कर रही है सरल व्यवहार नरम दिल पत्रकार कलम उठाने से पहले 10 बार सोचती हैं और सही को सही गलत को गलत परखती हैं उसके बाद ही खबरों को प्रसारित करती हैं डोईवाला क्षेत्र में लोगों से बात करने पर पता चला आरती वर्मा एक ऐसी पत्रकार है जिनको पत्रकारिता का जुनून इस कदर सवार है कि वह अवैध कार्यों के खिलाफ अपनी कलम मजबूत कर अपनी कलम से अवैध कार्यों के लिए बिना डरे बिना बिके लिखती हैं चाहे लोग उनको कितना भी खरीदने कि कोशिश करे वह कभी गलत गतिविधि में शामिल नहीं होती आरती वर्मा से बात करने पर उन्होंने कहा उनके साथ उनके कान्हा जी और लडडू जी का आशिर्वाद और उनका साथ हे शुरू शुरू में वो पत्रकारिता को लेकर बेहद नर्वस




थी लेकिन उनका कहना हे कि जब वह पत्रकारिता करने के लिए कलम उठा ही चुकी है तो वह हार नहीं मानेगी आरती वर्मा का कहना हे पत्रकारिता में निष्पक्षता का अर्थ है किसी मुद्दे के सभी पक्षों की खोज करना और निष्कर्षों की सटीक रिपोर्टिंग करना। किसी खबर को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने के लिए जनता का उपयोग कभी नहीं किया जाना चाहिए। एक पत्रकार के रूप में आपका दायित्व है कि आप अपने स्वयं के उद्देश्यों की जांच करें, और यह सुनिश्चित करें कि आपकी व्यक्तिगत भावनाएं आप जो रिपोर्ट करते हैं, उसमे प्रतिलक्षित ना हों। आपको यह सुनिश्चित करने के लिए उपयोग की जाने वाली भाषा और लहजे के बारे में भी सावधानी से सोचने की आवश्यकता है कि यह तथ्यों का गलत और अनुचित प्रतिनिधित्व नहीं करता है। आपका काम सार्वजनिक बहस को सूचित करना है, उस बहस में हेरफेर नहीं करना है। आप जनता के लिए काम कर रहे हैं, अपने स्वार्थ के लिए उनका इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं इसलिए जनता को भी सही गलत पत्रकार का चुनाव भी स्वयं करना जरूरी हे। और ऐसे पत्रकारो से सावधान रहने कि जरूरत है।

# भारत की कूटनीतिक चुनौती




**मालदीव** में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे से भारत के लिए कूटनीतिक चुनौती बढ़ी है। लेकिन इसे भारत की पराजय के रूप में देखना सही नहीं होगा। पहली बात तो यह कि किसी चुनाव का नतीजा किसी एक मुद्दे से तय नहीं होता है। फिर यह जरूरी नहीं होता कि चुनाव जीतने के लिए कोई पार्टी जिस मुद्दे पर लोगों की भावनाओं को उकेरती है, उसे वह अपनी नीति का भी हिस्सा बनाए। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के मुख्य सलाहकार ने चुनाव नतीजा आने के बाद एक भारतीय वेबसाइट से यह दो टूक कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा दांव है और मालदीव की अगली सरकार इस हकीकत को स्वीकार करते हुए अपनी नीति बनाएगी। मुमकिन है कि वह चीन के प्रति भी अपेक्षाकृत अधिक दोस्ताना रुख रखे। संभव है कि वहां रफ्तार खो चुकी चीनी परियोजनाएं फिर से तेज गति से चलने लगें। इसके बावजूद भारत ने मालदीव में जिस बड़े पैमाने पर निवेश किया है, उसे नजरअंदाज करना नई सरकार के लिए संभव नहीं होगा।

मोइज्जू की प्रोग्रेसिव पार्टी ने 'इंडिया आउट' अभियान मुख्य रूप से भारतीय सुरक्षाकर्मियों को मालदीव से निकालने के लिए चलाया था। उसे आपत्ति इस बात से है कि भारत ने 2018 में हेलीकॉप्टरों का जो तोहफा दिया था, उनके संचालन की ट्रेनिंग के लिए गए भारतीय सुरक्षाकर्मी आज भी वहां मौजूद हैं। इस मुद्दे पर भारत को बदले हालात के मुताबिक लचीला रुख अपनाना चाहिए। अगर किसी देश की सरकार अपने विदेश संबंध में कई देशों को अहमियत देना चाहती है, तो उसके इस अधिकार का सम्मान करना सही नीति होगी। ऐसा रुख भारत के लिए मालदीव में नया सद्भाव पैदा करेगा। वैसे भी उचित कूटनीति वही होती है जिससे किसी देश के सभी राजनीतिक पक्षों के साथ दोस्ती बनी रहे। यह रुख संबंध को टिकाऊ और मजबूत बनाता है। आखिर यह धारणा क्यों बनी रहनी चाहिए कि भारत का झुकाव मालदीव की किसी एक पार्टी के पक्ष में ज्यादा है? कहने का तात्पर्य यह कि अगर भारतीय कूटनीति दूरदर्शिता दिखाए, तो मालदीव में अभी भी भारतीय हितों को सुरक्षित बनाए रखा जा सकता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# जमात-ए-इस्लामी हिंद द्वारा आयोजित रक्तदान शिबिर में 555 लोगों ने अपना रक्तदान किया

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** जमाते ए इस्लामी हिंद मुंब्रा के युवा विंग द्वारा 29 सितंबर शुक्रवार को कौसा स्थित दोस्त अपार्टमेंट में रक्तदान शिबिर का आयोजन किया गया यह शिबिर को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है जिसमें 555 से अधिक लोगों ने अपना रक्तदान किया यह पिछले वर्ष शिबिर में एकत्रित किए गए 502 रक्तदान से काफी अधिक रहा शिबिर का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त एकत्रित करना था यह शिबिर धर्म जाति या पंथ के बावजूद सभी के लिए खुला है जमात ए इस्लामी हिंद मुंब्रा के युवा विंग के एक प्रवक्ता ने कहा इस रक्तदान शिबिर में भारी समर्थन के लिए हम मुंब्रा के लोगों के आभारी हैं आपके दिए हुए रक्तदान से जान बचाने में मदद मिलेगी जमात ए इस्लामी हिंद मुंब्रा के युवा विंग कई वर्षों से रक्तदान शिबिर आयोजित कर रहे हैं संगठन ने थैलेसीमिया के रोगियों को गोद लिया है उन्हें और मुंब्रा और आसपास के क्षेत्र में अन्य लोगों को मुफ्त रक्तदान प्रदान करता है।



# बीते एक वर्ष से जारी है ईद मिलादुन्नबी का जश्न

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** खरख्वाही फाउंडेशन हर इस्लामिक महीने की 12वीं तारीख को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुफ्त मेडिकल शिबिर आयोजित करने का सिलसिला जारी रहा रबी उन नूर शरीफ के महीने में हुए मुफ्त मेडिकल शिबिर में 200 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया खरख्वाही फाउंडेशन उर्स, संदल, जुलूस में की जाने वाली खुराफाती में फुज़ूल खर्च न करते हुए गरीबों की मदद करने का जेहन देती है खरख्वाही फाउंडेशन का डायग्नोस्टिक सेंटर की ओपनिंग 29 सितंबर को हजरत मोईन अशरफ मियां साहेब के हाथों की जानी है जिसमें शहर के गरीबों को एक बहुत बड़ी राहत मिलेगी खरख्वाही फाउंडेशन का इंसान की पैदाइश से इंसान की मौत तक हर मामलात में मदद करने की नियत रखता है राशन एजुकेशन मेडिकल की दवा चैरिटेबल क्लिनिक और अब चैरिटेबल लब तक पहुंच गई है आने वाले समय में मुंब्रा में गरीबों के लिए अस्पताल तक जाना है आराम से अपील है इन नेक कामों में खरख्वाही फाउंडेशन का शादी और आखिरत के लिए नेकियां का जखीरा इकट्ठा करें।

# मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त दवाईया, मुफ्त ई.सी.जी का शिविर किया गया अयोजित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 2 अक्टूबर 2023 महात्मा गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर मुफ्त चिकित्सा शिबिर, मुफ्त दवाईया, मुफ्त ई.सी.जी का शिविर अयोजित। कुछ संस्थायो ने मिलकर अयोजित किया मुफ्त चिकित्सा शिविर, मुफ्त दवाईया, मुफ्त ई.सी. जी का शिविर अयोजित किया गया 2 अक्टूबर 2023 महात्मा गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर जिसमें आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट, शेर-ए-मैसूर टीपू सुल्तान रोड रेजिडेंट एजुकेशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन, मनराज प्रतिष्ठान,शुश्रुषा हार्ट केयर सेंटर नेरुल ये मुफ्त मेडिकल शिविर गिल्बर्ट हिल रोड, अंधेरी (पश्चिम) मुंबई 58 में रखा गया। मुफ्त मेडिकल शिविर का लाभ 177 लोगो ने लिया और उपस्थित रहे सौ.शीतल वालीकर भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष मुंबई झोपड़पट्टी मोर्चा /आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष, संजय शर्मा-आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट-राष्ट्रीय सचिव, सचिन शर्मा-पालघर जिल्हा अध्यक्ष आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट, शेर-ए-मैसूर-टीपू सुल्तान रोड रेजिडेंट एजुकेशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन-रज्जब अली शेख-अध्यक्ष,निजामुद्दीन शेख- महासचिव,माननीय श्री अरूण अन्नामलाई, मुथु कुमार/ श्री सिद्धिविनायक मित्र मंडल, मनराज प्रतिष्ठान-मनोज राजन नाथानी-अध्यक्ष,समाज सेवक जावेद गफ्फार शेख,भ्रष्टाचार विरोध संघ-अध्यक्ष-तैयब अली शेख,शुश्रुषा हार्ट केयर सेंटर नेरुल डॉक्टर टीम और नर्सें, अनिल हम सभी की तरफ से आये लोगो का और मेहमान का धन्यवाद जैसे की अश्ढ ठ्एहर अमजद मुल्ला, ये शुभ कार्य हमारे शुभचिंतक जिनका हाथ हमारे ऊपर सदेव रहता है, उनके वजह से ये कार्य संपन्न हुआ।




# किशोरी से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फाफामऊ, प्रयागराज।** फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को थाना फाफामऊ पर पॉक्सो एक्ट में पंजीकृत मुकदमें वांछित अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम मोरहूं थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 23 वर्ष को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत मलाक हरहर चौराहे के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि जबसे शांतनु चतुर्वेदी ने फाफामऊ थानाध्यक्ष के रुप में चार्ज लिया है तबसे लगातार गुंडों व अपराधिओं,अवैध खनन, आदि के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रहे हैं जिससे हड़कंप मचा हुआ है तथा आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बड़ा है। इस दौरान गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 राज कुमार यादव, थाना फाफामऊ कमिश्नरेट उ0नि0 बृजेश कुमार यादव शामिल रहे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र में फिर आएगा सियासी भूकंप?

अजित पवार आज कैबिनेट बैठक में भी नदारद थे। सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच तनाव कायम है। ऐसा माना जाता है कि पवार मुख्य रूप से पुणे और सतारा के संरक्षक मंत्री का पद चाहते हैं और शिंदे कैबिनेट में अधिक एनसीपी मंत्री पद की मांग कर रहे हैं।अजित पवार की बहन व एनसीपी (शरद पवार गुट) सांसद सुप्रिया सुले ने साफ कहा है कि शिंदे सरकार में एक गुट नाराज है। सुप्रिया सुले ने एनसीपी की एक सभा को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। सुले ने कहा कि तीन महीने पहले राज्य में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी थी। जिसके बाद अब इस सरकार में नाराजगी शुरू हो गई है। उन्होंने दावा किया कि ट्रिपल इंजन का एक असंतुष्ट घटक देवेंद्र फडणवीस से मिला है। असल में इस सरकार को कौन चला रहा है? उन्होंने कहा, ट्रिपल इंजन सरकार को सत्ता में आए 3 महीने हो गए हैं लेकिन इस सरकार का एक इंजन देवेंद्र फडणवीस से मिला है। क्योंकि वो नाराज हैं। तीन महीने हो गए.. हनीमून खत्म नहीं हुआ लेकिन नाराजगी शुरू हो गई है। इस बीच, 5 अक्टूबर को दिल्ली में एनसीपी कार्यकारिणी की बैठक होने वाली है। बैठक की अगुवाई राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर शरद पवार करेंगे।

### न दवा, न पानी...

नांदेड का शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल मराठवाडा का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल है। बीते दो दिनों से यह अस्पताल सुर्खियों में है। अब इस अस्पताल की भयावह स्थिति के अलग-अलग पहलू सामने आने लगे हैं। यहां स्वास्थ्य व्यवस्था की खस्ता हालत और मेडिकल सुविधाओं की कमी सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी हुई है। एक मां अपने डेंगू पीड़ित बेटे को लेकर शंकरराव चव्हाण अस्पताल आई है। महिला ने आरोप लगाया कि यहां बुनियादी सुविधाओं की कमी होने के कारण पांच दिन बाद भी उनके बेटे की सेहत में ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। महिला का नाम यमुना नरवाडे है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान अस्पताल प्रशासन के सारे दावों की पोल खोल दी। रोते हुए यमुना नरवाडे ने कहा, मेरे 14 साल के बेटे को डेंगू हुआ है। मैं बेटे का इलाज करवाने के लिए यवतमाल जिले के उमरखेड से यहां आई हूं। मुझे लगा था कि नांदेड का सरकारी अस्पताल बड़ा है तो अच्छा इलाज होगा। लेकिन, यहां कोई सुविधा नहीं है। दवा भी बाहर से लानी पड़ती है। पीने के लिए पानी तक नहीं है। बच्चे की मां ने आगे कहा, मेरे पास अब पैसे नहीं हैं, अब मैं क्या करूं? ऐसे सरकारी अस्पताल का क्या फायदा है। इसी शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में आज शिवसेना (शिंदे गुट) सांसद हेमंत पाटील भी पहुंचे। इस समय नांदेड अस्पताल में हर तरफ गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ था। इसे देखने के बाद हिंगोली के सांसद हेमंत पाटील ने अस्पताल के डीन से शौचालय की सफाई करवाई। इतना ही नहीं शिंदे गुट के नेता ने अस्पताल प्रशासन को भी खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को फटकारते हुए कहा, सरकारी अस्पताल के शौचालय बहुत गंदी स्थिति में थे। कई शौचालय बंद थे। कुछ जगहों पर शौचालय पूरी तरह बंद थे। पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। शौचालय में सामान भरा हुआ है. बच्चों के वार्ड का भी बुरा हाल है, वहां कई महीनों से ठीक से सफाई नहीं हुई हैं। न पानी, न सफाई, न सुविधाएं...प्रशासन को ये काम जिम्मेदारी से करना चाहिए। पाटील ने कहा कि आम आदमी कहां जाएगा.. डीन को ध्यान देना चाहिए, गर्भवती वार्ड में शराब की बोतलें पड़ी हैं.. डीन को अस्पताल का नियमित दौरा करना चाहिए और स्थिति देखनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि वह मुख्यमंत्री से मांग करेंगे कि अस्पताल में जो भी अव्यवस्था चल रही है, उसके दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाये। नांदेड के सरकारी अस्पताल में 48 घंटे में 16 नवजात शिशुओं समेत 31 मरीजों की मौत होने के बाद राज्य सरकार हरकत में आ गयी है। इस मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य निदेशक की एक जांच समिति नांदेड भेजी गई है।

# कटनी स्कूल मामला

## नारी शक्ति एक नई पहल संस्था की संस्थापक और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता डॉ नूपुर धमीजा ने घटना को बताया दुखद

### संस्था के माध्यम से पूरे मामले में न्यायालय के कार्य में पूर्ण रूप से नि:शुल्क की जाएगी मदद और बच्चियों को न्यायालय से संस्था दिलाएगी न्याय

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**कटनी।** कटनी स्कूल मामले में आया नया मोड़, छात्राओं ने मीडिया से बातचीत में बताया प्रिंसिपल पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और अगर कार्यवाही नहीं हो रही तो दर्जनों छात्र-छात्राएं स्कूल जाने से कतरा रही हैं वहीं इस पूरे मामले में नारी शक्ति एक नई पहल संस्था की संस्थापक और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता डॉ नूपुर धमीजा ने संज्ञान लेते हुए इस घटना को दुखद बताया और निशुल्क संस्था के माध्यम से पूरे मामले में न्यायालय के कार्य में पूर्ण रूप से निःशुल्क मदद की जाएगी और बच्चियों को न्यायालय से न्याय संस्था दिलाएंगी। प्राचार्य द्वारा अश्लील हरकतें करने के आरोप कनवारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयस्कूल की छात्राओं ने




लगाए हैं आधा दर्जन छात्राओं ने बिजरावगढ़ थाना पहुंचकर प्रिंसिपल द्वारा गलत हरकतें करने की शिकायत की है। मामला विजयराघवगढ़ थानांतर्गत ग्राम कन्हवारा का हैं जहां हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल राम सिंह उईके द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करने के आरोप है। अपने परिजनों के साथ विजयराघवगढ़ थाने पहुंची कक्षा नवमीं, दसवीं व कक्षा 12वीं की छात्राओं ने पुलिस के समक्ष आपबीती सुनाते हुए बताया कि प्राचार्य द्वारा क्लास लेने के दौरान उनके शरीर में गलत तरीके से स्पर्श किया जाता है और अश्लील हरकत की जाती है छात्राओं के अभिभावकों ने बताया कि प्राचार्य की हरकतों से परेशान होकर छात्राएं स्कूल जाने से कतराती हैं इसका कारण पूछने पर बच्चियों ने अपने परिजनों को जानकारी दी जिसके बाद परिजन छात्राओं को लेकर विजयराघवगढ़ थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराने वही गुस्सा आए अभिभावकों ने स्कूल के सामने चक्का जाम करके कार्यवाही की मांग की। वही इस पूरे मामले में पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है और धारा 354/पास्को एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है लगातार मध्य प्रदेश में इस तरह के अपराध आए दिन देखने को मिल रहे।

## शेरपुर पहुंचने पर कांग्रेसी नेता का हुआ जोरदार स्वागत

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**पटौदी।** गांधी जयंती कार्यक्रम को लेकर खंड के गांव शेरपुर पहुंचें स्थानीय कांग्रेसी युवा नेता सतबीर पंवार जाटोली का सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने उन्हें फूल मालाओं सहित शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा की ग्रामीणों द्वारा मिले मान सम्मान को से हमेशा याद रखेंगे। जिसके लिए उन्होंने उसके लिए मैं सदा आभारी रहने की भी बात कही। जानकारी के अनुसार गांधी जयंती के अवसर



पर करण सिंह लखेरा द्वारा बुजुर्गों के लिए हेल्थ जांच शिविर व ब्लड डोनेट कैम्प लगाकर एक अच्छी मिसाल के साथ एक अच्छा सन्देश भी समाज को दिया है। बता दें की कार्यक्रम के मुख्यातिथि शौर्य चक्र विजेता सहायक कमांडेंट जिले सिंह रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. राजू खान पटौदी, बुजुर्ग सेवा मेरा स्वाभिमान केयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गौतम तंवर, युवा समाजसेवी मास्टर सुरेंद्र चौहान, करण सिंह लखेरा सहित काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

## नवनियुक्त चौकी इंचार्ज सज्जन सिंह, पदोन्नति हुए सुभाष चंद्र हुआ सम्मान



**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**गुरुग्राम।** नवनियुक्त चौकी इंचार्ज सज्जन सिंह का बुजुर्ग सेवा फाउंडेशन के सदस्यों ने भगत सिंह की तस्वीर देकर शॉल ओढ़ कर स्वागत और सम्मान किया गौरतलब है की साथ ही एएसआई से पदोन्नति होकर सब इंस्पेक्टर बने सुभाष चंद्र का भी बुजुर्ग सेवा फाउंडेशन के सदस्य समाजसेवी डॉ.राजू खान पटौदी, अध्यक्ष डॉ. गौतम सिंह तंवर, पूनम मिजापुर, सोनू यादव, बाबू हकीम जी, रिटायर्ड नेवी अब्दुल खालिक सहित राजू प्रधान ने भी पदोन्नति हुए सुभाष चंद्र को बधाई देते हुए सम्मानित किया गया है।इस मौके पर चौकी इंचार्ज ने संस्था के सदस्यों को विश्वास दिलाया कि पटौदी में बढ़ रहे अपराध और साइबर क्राइम पर अंकुश लगाया जाएगा ताकि पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बना रहे।

## महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान हेतु भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक 199 में विशेष प्रवास श्री विजय गोवलकर जी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मा. श्री नरेंद्र मोदीजी स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से देश के हर नागरिक को स्वच्छता का महत्व बताकर भारत को स्वच्छ बना रहे हैं, महात्मा गांधी और संत गाडगे महाराज की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, वरली विधान में सभा वार्ड 199 वार्ड अध्यक्ष श्री नागेश तांबेडकर ने स्वच्छ अभियान में भाग लिया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री जननायक श्री देवेन्द्र फड़णवीस के मार्गदर्शन में, मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक श्री आशीष शेलार के मार्गदर्शन में, दक्षिण मुंबई जिला अध्यक्ष श्री शरद चिंतनकर के अनुगमन में नागरिकों ने झाड़ू उठाई क्षेत्र को साफ करने और स्वच्छता का महत्व बताने के



लिए उनके हाथ विशेष उपस्थिति में महाराष्ट्र की प्रवक्ता श्रीमती आरती पुगावकर (ओपन), दक्षिण मुंबई जिला उपाध्यक्ष श्री राजेश सिंह, रेलवे समन्वयक श्री किशोर मकवाना, वर्ली विधानसभा महासचिव श्री विजय बांदिवडेकर, सचिव मा. संजना पाटणकर, वार्ड 198 प्रभारी श्री प्रशांत गमरे, वार्ड 198 अध्यक्ष श्री संदीप गुरव, वार्ड 19 उपाध्यक्ष श्री नरेश कनोजिया, श्री बबन जुवेकर, मीना कदम, महिला वार्ड महासचिव मीना नागोतकर, रेलवे वार्ड संयोजक दीनाबेन वाघेला, हंसा राठौड़, दीपकसर, प्रवीण राठौड़, शक्ति केंद्र प्रमुख श्री दर्शन पुगावकर, उत्तर भारतीय मोर्चा वार्ड 19 के अध्यक्ष भूपेन्द्र पांडे, चंद्रकिशोर पांडे, विनोद जाधव, संतोष कुडालकर ने भाग लिया और बृहन्मुंबई नगर निगम जी-साउथ डिवीजन एचओ के विशेष सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया। श्री सातमजी, जी.ओ. वेगदाजी एवं उनके साथियों ने किया।




## कायस्थ समाज उन्नति मंडल ने मनाई शास्त्रीजी व महात्मा गाँधी की जयंती

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**बोईसर।** कायस्थ समाज उन्नति मंडल,बोईसर (रजि.) द्वारा पालघर जिला के अंतर्गत बोईसर (पूर्व) के वेरांडा लॉन में सोमवार को सादगी एवं सदाचार की प्रतिमूर्ति, पूर्व प्रधानमंत्री,'भारत रत्न' लालबहादुर शास्त्री एवं 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा शोभा श्रीवास्तव, बोईसर-पालघर पत्रकार संघ (रजि.)के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला एवं वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन कर तथा स्व. शास्त्रीजी व बापूजी के फोटो पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।मंडल की अध्यक्षा शोभा श्रीवास्तव ने अपने प्रस्ताविक भाषण मे देश हित में शास्त्रीजी एवम बापूजी के योगदान के बारे में अपने समयोचित विचार व्यक्त किये।श्रीमती श्रीवास्तव ने संस्था को सूचारुरूप से चलाने हेतु सभी से तन,मन और धन से सहयोग करने की भावनात्मक अपील की। बोईसर-पालघर पत्रकार संघ (रजि.) के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला ने मंडल



के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए समाज की प्रगति के लिए सभी से एक राय होकर निस्वार्थभाव से कार्य करने की आवश्यकता बताई। श्री निराला ने शास्त्रीजी एव महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा संस्था को सूचारू रूप से चलाने की विधिवत जानकारी दी। नवाहाल के सम्पादक जे.पी.करोतिया ने अपने समयोचित विचार व्यक्त किये। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों और मंडल के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी पत्रकारो को शॉल, सम्मान चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कायस्थ समाज के बच्चों के द्वारा स्व. शास्त्रीजी एव बापूजी की जीवनी पर प्रकाश डालने के लिए उन्हे 'शास्त्री सम्मान' से मान्यवरो द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर केसीएन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्र 'त्यागी',रफीक घाची, संतोष राणे, ओमप्रकाश द्विवेदी, अजीत सिंह, प्रमोद तिवारी, दीपक निराला, दिलीप गोंड, राजेंद्र छिपा,ज्ञानेश्वर रामोशी आदि मौजूद थे। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए उमेश सोनार को पर्यावरण गोल्डमैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस मौके पर उपाध्यक्ष जैनेंद्र श्रीवास्तव,सचिव मनीष श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमोद लालन, उप-कोषाध्यक्ष विवेक सिन्हा, उपसचिव रंजना श्रीवास्तव एवम कार्यकारिणी से अमित श्रीवास्तव, अनुपम शैली प्रियंका श्रीवास्तव, भावना सक्सेना, प्रीति सक्सेना एवं वरिष्ठ कवि दीपक श्रीवास्तव 'दीप' सहित कायस्थ समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अन्त में मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शोभा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जननेता बलराम यादव ने राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान अजीतगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धा से याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश भर में आज गांधी जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा किए गए कार्यों तथा देश के लिए जान न्योछावर करने के बलिदान को याद कर उनका अनुसरण करने का आह्वान किया गया। वहीं कांग्रेस कार्यकताओं से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शिक्षाओं को ग्रहण कर उन्हें जीवन में अपनाने की बात कही गई। श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से टिकट के दावेदार बलराम यादव ने आज अजीतगढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर



शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की तथा इन दोनों महापुरुषों द्वारा अपने जीवन में किए गए कार्यों को याद किया। वहीं पार्टी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे उनकी शिक्षाओं को जीवन में ग्रहण करें और उनके अनुसार चलकर देश, प्रदेश व समाज के लिए त्याग की भावना अपने अंदर पैदा करें। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार बाबू अंसारी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

## दधीच समाज के द्वारा गोल्डन लीफ मालाड में मेडिकल कैंप का आयोजन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में दधीच समाज के द्वारा गोल्डन लीफ मालाड में एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया ड्एट हॉस्पिटल के द्वारा लोगों का मेडिकल फ्री मेडिकल चेकअप किया गया, और ब्लड डोनेशन भी का कार्यक्रम भी रखा गया। दरियादिल मुंबईकर ग्रुप की संस्थापक अर्चना देशमुख ने भी कुछ मेंबर्स के साथ मेडिकल कैंप में शिरकत की वहां पर कुछ मेंबर्स का फ्री मेडिकल चेकअप किया गया, जिसमें अर्चना देशमुख, माधवी गुप्ता और अन्य मेंबर्स उपस्थित थे। दरियादिल गोरेगांव सिस्टर ग्रुप लीडर धर्मिष्ठा पारीख ने वहां पर फ्री चेकअप करवाया और रक्तदान महादान इस बात को सार्थक करते हुए अपना रक्तदान भी किया। जिसके लिए उन्हें ड्एट अस्पताल की तरफ से एक सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। धर्मिष्ठा पारेख जी का यह कार्य ग्रुप के तरफ से सराहनीय रहा।

## ऑल इंडिया कांग्रेस वर्कर्स कमेटी की ओर से सिद्दीकी ने विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी को शॉल और फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया

### बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों ने दी शुभकामनाएं

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** प्रेस काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र के प्रदेश सदस्य, ऑल इंडिया कांग्रेस वर्कर्स कमेटी के मुंबई अध्यक्ष, महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफर सिद्दीकी, ने बांद्रा विधानसभा पूर्व क्षेत्र के लोकप्रिय कार्य सम्राट विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी का शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। और जन्मदिन ढेर सारी शुभकामनाएं दी। सबसे पहले पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी, मुंबई कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष जिया खान, उत्तर मध्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश अमीन अन्ना की मौजूदगी में जन्मदिन का केक काटा गया। आपकी लम्बी आयु की कामना क की। बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। पूरे दिन शुभचिंतकों की भीड़ लगी रही। विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी ने सभी का अभिनंदन और शुभकामनाएं स्वीकार कर आभार व्यक्त किया। मंगलवार 3 अक्टूबर को उनके जन्मदिन के अवसर पर, मित्र, परिवार, कांग्रेस और अन्य लोग संघटनाओं के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने उनका स्वागत करने आए थे। पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दीं। विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी के आवास पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. कार्यकर्ता को जन्मदिन की शुभकामना देने के लिए शाम 7:00 बजे बांद्रा कम्युनिटी हॉल में एक जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक जिशान बाबा सिद्दीकी ने सभी से मुलाकात की, शुभकामनाएं स्वीकार कीं और सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। ऑल इंडिया कांग्रेस वर्कर्स कमेटी के मुंबई अध्यक्ष और महाराष्ट्र दैनिक बुलंद दुनिया के महासचिव संपादक जफर सिद्दीकी ने उनके जन्मदिन पर बांद्रा कम्युनिटी हॉल गवर्नमेंट कॉलोनी बांद्रा ईस्ट में उनसे मुलाकात की।उन्हें शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पत्रकार जफर सिद्दीकी के साथ डीएफएस बिल्डर उत्तर मध्य जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष फजल सौदागर, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता फिरोज शेख विधायक जीशान सिद्दीकी जनसंपर्क कार्यालय प्रभारी आबिद शेख, ऑल इंडिया वर्क्स कांग्रेस कमेटी उत्तर मध्य जिला अध्यक्ष उस्मान खान उर्फ लाला उत्तर मध्य जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव अकोला कांग्रेस के नईम शेख, शकील भाई थे. डीएफएस बिल्डर फजल सौदागर ने विधायक




जीशान सिद्दीकी का शॉल और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। और उनके पूरे परिवार की ओर से उन्हें बधाई दी. मंगलवार, 3 अक्टूबर को सुबह से ही उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए दोस्तों और शुभचिंतकों का उनके आवास पर तांता लगा रहा। इस बार सोशल मीडिया की खास मौजूदगी रही. शहर में भी इस अवसर पर राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल, उद्योग, प्रशासन, पत्रकारिता, सहकारी समितियाँ, महिला स्वयं सहायता समूह, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, साथ ही मुंबई के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता और शुभचिंतक उपस्थित थे। विधायक के निजी पी.ए. आजम रिजवी, युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष शम्स, जीतेंद्र ठाकुर, सुभाष पटोदे, विधायक आबिद के कार्यालय प्रभारी शामिल थे शेख, फिरोज शेख, सलमान शेख, टीनू भाई, यूसुफ माड़ी साहब, दानियाल काछी, जावेद अंसारी, अनवर आलम सिद्दीकी, उस्मान खान, नईम शेख, अनवर कुरैशी, सितारा शेख, जाहिदा खान, जरीन अंसारी, रुखसाना खान, डॉ बसेरा , एडवोकेट सुप्रिया पाठक , पुष्पा अहिरवार, सना कुरेशी, प्रियतमा सावंत, नीलोफर काजी, सलमान शेख, शरीफ कादरी, शाकिर कुरैशी, जाकिर शेख, शबाना शेख, जफर शेख, त्यागी जी, गुप्ता साहब, आशीष चौधरी, साहिल, अहसान कादरी, रमेश पवार, परेश गाला, असलम शेख अच्छे मुल्ला, अब्दुल गफ्फार, मजहर शेख, अमीर कुरेशी, जावेद सैयद, शाहिद शेख,मसीउल्लाह शेख, मसर्रत खान, नईम भाई, जमानी साजिद के शाकिर कुरेशी, महफूज खान, गुलफाम खान,रमेश पवार, श्रवण झा, दीपक साळुंके, महेश तांबे, चंद्रभान चावला,अमित भिलवारा, मुन्ना जैस्वाल बांद्रा पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बेसिक कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई कांग्रेस, महिला कांग्रेस सेवादल कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस आदि पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी के जन्मदिन के अवसर पर मुंबई शहर और संभाग के हर हिस्से से किसी ने सोशल मीडिया पर,किसी ने फेसबुक, किसी ने इंस्टाग्राम, ट्विटर तो किसी ने मोबाइल पर फोन के जरिए शुभकामनाएं दीं।विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी ने सभी से बात की। अभिनंदन स्वीकार किया गया. विधायक जीशान सिद्दीकी को उनके जन्मदिन पर शुभचिंतकों ने भी सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं दीं.विधायक जीशान सिद्दीकी सभी को धन्यवाद। उनके जन्मदिन पर बधाई देने आए सभी शुभचिंतकों और दोस्तों को धन्यवाद किया, उनकी इच्छाओं को स्वीकार किया और उनसे बातचीत की। बधाई देने आए हुए सभी लोगों के लिए बांद्रा कम्युनिटी हाल में नाश्ता और प्रीति भोज का आयोजन किया गया था.

**उत्तराखंड हलचल**

# पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक हुई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक में कारागारों में श्रम में नियोजित बन्दियों के न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दैनिक पारिश्रमिक कुशल के लिए 67 रुपए से बढ़ाकर 85, अर्द्धकुशल के लिए 52 से बढ़ाकर 65 और अकुशल के लिए 44 रुपए से बढ़ाकर 55 दिये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में अच्छी नस्ल की 10 गाय क्रय करने और 05 बीघा भूमि पर विभिन्न प्रजाति के फलदार तथा औषधीय पौधों की पौधशाला की स्थापना के लिए सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि कारागारों में निरूद्ध बन्दियों के कौशल विकास के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण



दिया जायेगा। बन्दियों की रूचि एवं योग्यता के अनुसार विद्युतकार, वेल्डर, कारपेन्टर, सिलाई, बढ़ई जैसे व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि बन्दी वस्त्रों की धुलाई के लिए देहरादून और हरिद्वार कारागारों में लॉन्ड्री मशीन की व्यवस्था के साथ ही जिला कारागार, हरिद्वार में संचालित पावरलूम उद्योग का आधुनिकीकरण किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कारागारों में निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए यदि विभागों को उत्पाद की गुणवत्ता और कीमत सही लगती है, तो क्रय करने की अनुमति दी जायेगी। फर्नीचर उद्योग के लिए इमारती लकड़ी की खरीद के लिए वन निगम से वार्ता करने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने बैठक में सचिव न्याय को भी जेल विकास बोर्ड का सदस्य बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागारों में बन्दियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए रिक्त 11 चिकित्सकों के पदों की उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाय। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव विजय कुमार यादव, आईजी जेल बिमला गुंज्याल, एआईजी यंशवंत सिंह, अपर सचिव स्वास्थ्य अमनदीप कौर, अपर सचिव गृह अतर सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम ने 6वें वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन के संबंध में मीडिया से बात की

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय, देहरादून स्थित मीडिया सेंटर में 6वें वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन के सम्बन्ध में मीडिया से बात की। इस मौके पर सम्मेलन के लिए अमिताभ बच्चन के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, डी.एम.आई.सी.एस. हैदराबाद और उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू कॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में छठा विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन आगामी 28 नवंबर से 01 दिसंबर तक देहरादून में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री श्री अमित शाह जी




को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित के लिए अनुरोध किया जाएगा। पद्म विभूषित श्री अमिताभ बच्चन जी सम्मेलन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सहभागी होंगे। सम्मेलन में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, परमाणु ऊर्जा आयोग के प्रमुखों, भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के साथ ही विश्व के प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों, संयुक्त राष्ट्र संघ, देश-विदेश के जलवायु विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध की चुनौतियों पर चर्चा करना एवं उनका समाधान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन से आपदा प्रबन्धन की गंभीरता व विशेष रूप से उत्तराखण्ड राज्य और हिमालयी क्षेत्रों की आपदा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए विश्व स्तर पर किए जा रहे चिन्तन व प्रयासों को गति मिलेगी।

# पुलिस उपाधीक्षक ने पीस पब्लिक स्कूल में चलायी 'साइबर की पाठशाला'

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव (आईपीएस) के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के सम्बन्ध में अधिक से अधिक लोग जागरूक बनें इस उद्देश्य से चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में आज दिनांक 03/10/2023 को पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन सुश्री नताशा सिंह* द्वारा पीस पब्लिक स्कूल गोपेश्वर* में छात्र-छात्राओं के मध्य जाकर साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया।

महोदया ने छात्रों को बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग करते वक्त भी सावधानी बरतनी है, अपनी किसी भी प्रकार की जानकारी अजनबियों से साझा नहीं करनी है। प्रयास यह किया जाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर कम से कम समय बितायें। किसी भी प्रकार के लालच भरी कॉल आने पर या बैंक के नाम पर आने वाली कॉल पर किसी भी प्रकार की जानकारी साझा नहीं करनी है। उत्तराखण्ड पुलिस एप के अन्तर्गत महिला सुरक्षा के प्रति एवं महिलाओं



को समर्पित बनाये गये फीचर गौरा शक्ति की जानकारी दी गयी तथा इसमें पंजीकरण किये जाने के बारे में बताया गया कि किस प्रकार से उत्तराखण्ड पुलिस एप के माध्यम से घर बैठे ही ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। सम्बन्धित क्षेत्र की पुलिस द्वारा तुरन्त संज्ञान लेकर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने छात्राओं को यातायात नियमों से जुड़ी जानकारी देते हुए सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने वहां मौजूद छात्राओं से सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के सख्ती से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं अगर जागरुक होंगें तो वे अपने परिवार और आस-पास के लोगों को भी यातायात नियमों के अनुपालन के लिए प्रेरित करेंगे। छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने की जानकारी देते हुए बताया गया कि हमेशा वाहन का संचालन कम गति में होना चाहिए, विशेषकर पहाड़ी मार्गों पर तो न जाने कहाँ पर मोड़ आ जाये, यदि वाहन की गति कम रहेगी तो वाहन नियंत्रित भी हो सकेगा। नाबालिग बच्चों के स्तर से वाहन संचालन नहीं किये जाने की जानकारी दी गयी।इस दौरान श्री विमल राणा प्रधानाचार्य पीस पब्लिक स्कूल,कां0 राजेन्द्र रावत ,कां0 चन्दन नागरकोटी,कां0 रविकांत व अध्यापक मौजूद रहे।

## केदारनाथ धाम आयी श्रद्धालु का खोया हुआ पर्स सकुशल वापस लौटाया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा में आये श्रद्धालुओं मदद करने हेतु जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से 'ऑपरेशन मुस्कान' चलाया हुआ है, इसका मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं की खोई सामग्री ढूंढकर वापस दिलाना, खोये मोबाइल फोन ढूंढकर वापस दिलाना, बिछड़ों को मिलवाना है। मानसूनी सीजन की समाप्ति के बाद एक बार केदारनाथ धाम यात्रा ने काफी जोर पकड़ लिया है, इस वर्ष की यात्रा में अब तक 14,70,886 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन कर लिये हैं। केदारनाथ धाम में ड्यूटी पर



तैनात उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह व आरक्षी शंकेश शुक्ला को मन्दिर परिसर में एक लेडीज पर्स मिला, इसमें 35000 नगद व जरूरी कागजात थे, पुलिस कार्मिकों ने पर्स में रखे कागजात पर अंकित नाम के आधार पर मंदिर प्रांगण में अनाउंसमेंट किया गया। कुछ देर बाद पर्स धारक महिला अनीता देवी वहां पर आयी, जिनको कि उनका पर्स वापस किया गया। अपना पर्स सकुशल वापस पाकर इनके द्वारा भाव विह्वल होकर पुलिस कार्मिकों का आभार प्रकट किया गया। रुद्रप्रयाग पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान केदारनाथ धाम पहुंच रहे श्रद्धालुओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहा है।

## वेस्ट बंगाल से एक अभियुक्त को रुद्रप्रयाग पुलिस ने किया गिरफ़्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा हेतु यात्रियों को हैलीकॉप्टर टिकट के झांसे मे लेकर व मोटी रकम ठगने के मामले मे वेस्ट बंगाल से एक अभियुक्त को रुद्रप्रयाग पुलिस ने किया गिरफ़्तार गुप्तकाशी थाने पर कोलकाता निवासी दिवेंदु दत्ता ने एक तहरीर दी कि माह मई 2023 में वह जर्मनी से केदारनाथ यात्रा हेतु आये थे और फेसबुक पर केदारनाथ यात्रा हेतु हेलीकॉप्टर से यात्रा करने सम्बन्धी टिकट बुकिंग के लिए विज्ञापन देखा और दिये गये नम्बर पर हेली टिकट के लिए सम्पर्क किया। सम्पर्क स्थापित होने पर उक्त व्यक्ति द्वारा स्वयं को अनिकत उपाध्याय बताते हुए हेली टिकट की बुकिंग के लिए 48092 अपने खाते मे जमा करवा दिये और जब शिकायत कर्ता गुप्तकाशी हैलीपैड पहुंचे तो कोई टिकट बुक न होने व अपने साथ हुई धोखाधड़ी से आहत होकर थाना



गुप्तकाशी पर अभियोग पंजीकृत करवाया गया।हैलीकॉप्टर टिकट के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले को पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग द्वारा गम्भीरता से लेते हुए अभियोग में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी के पर्यवेक्षण में इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह थाना गुप्तकाशी को देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। विवेचक ने विवेचना में कॉलिंग नम्बर की सीडीआर, बैंक खाते की डिटेल खंगाली गयी। लाभप्रद जानकारी मिलने पर विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्त की धर पकड़ हेतु एक टीम गैर प्रान्त रवाना की गयी। पुलिस टीम ने सुरागरसी पतारसी करते हुए एक अभियुक्त को वेस्ट बंगाल में गिरफ्तार किया गया। जिसे सम्बन्धित स्थानीय मा0 न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर गुप्तकाशी लाया गया। उक्त अभियुक्त को जनपद के थाना गुप्तकाशी से सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नशा तस्करों पर चमोली पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** शराब बन्दी (ड्राई-डे) पर अवैध रूप से शराब बेचने पर 01 अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्त पूर्व में भी शराब के मामलों में हो चुका है गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव (आईपीएस) के द्वारा जनपद में मादक पदार्थों/नशे का अवैध व्यापार/तस्करी पर लगाम लगाने व अवैध नशा करोबारियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए कड़ी कार्यवाही किए जाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 5वें ब्राइट अवार्ड्स 2023 और डॉ योगेश लखानी के जन्मदिन समारोह में शिल्पा शेट्टी, हेमा मालिनी, मनीष पॉल, नील नितिन मुकेश, अमृता फडणवीस और अन्य सितारे हुये शाामिल












**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 5वें ब्राइट अवाड्र्स 2023 के इवेंट के लिए वर्ली के एनएससीआय डोम में फिल्मी और टीवी सितारे उमड़ पड़े। ब्राइट आउटडोर मीडिया के डॉ योगेश लखानी ने ब्राइट अवाड्र्स 2023 के पांचवें संस्करण का भव्य आयोजन किया, जहाँ बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर शानदार केक काटकर डॉ योगेश लखानी का जन्मदिन भी मनाया गया। यहां आए खास मेहमानों में शिल्पा शेट्टी, हेमा मालिनी, मनीष पॉल, निर्देशक-निर्माता अनिल शर्मा, और गदर २ की टीम - उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, मनीष वाधवा, गौरव चोपड़ा ,धीरज कुमार, नील नितिन मुकेश, अर्चना गौतम, कुमार शानू, दर्शन कुमार, पूनम पांडेय, प्रीति झंगियानी, अमृता फडणवीस, प्रवीण डबास ,सुखविंदर सिंह, कैनाज परवेज, विंदु दारा सिंह, राजपाल यादव, सुनील पाल, वीआईपी, शिबानी कश्यप, दिलीप सेन, भाभी जी घर पे हैं फेम रोहिताश गौर, रवि गोसाई, सिंगर शौर्या मेहता जैसी कई हस्तियों के नाम उल्लेखनीय हैं। इस अवसर पर ब्राइट आउटडोर मीडिया के ओनर डॉक्टर योगेश लखानी के सुपुत्र अनुग्रह योगेश लखानी और ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड की डायरेक्टर उनकी पत्नी जागृति योगेश लखानी भी मौजूद थीं। कोरियोग्राफर गणेश आचार्य, आरती नागपाल, रमेश गोयल, शिवा (शिवाज सैलून), पेनिनसुला ग्रैंड के सतीश शेट्टी , रेड चेरी के केयूर सेठ, गणगौर टीवी के पवन शर्मा, शामक डावर,




मीत ब्रदर्स ,एजाज खान सहित कई अतिथि भी उपस्थित रहे। इस अवार्ड शो का कुशल निर्देशन कमल महर्षि ने किया। इस अवार्ड समारोह में आई सभी सेलेब्रिटीज ने डॉ योगेश लखानी को उनके बर्थडे पर ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह बेहद अच्छे इंसान हैं जो बहुत सपोर्टिव नेचर के हैं। वह पिछले पांच वर्षों से ब्राइट अवाड्र्स का भव्य रूप से आयोजन करते आ रहे हैं। इस समारोह में गणेश आचार्या, कुमार शानू, सुखविंदर सिंह, कैनाज परवेज ,अरमान मलिक, शादाब - अल्तमश फरीदी और शौर्या मेहता ने स्टेज पर जबरदस्त परफॉर्मेंस पेश की। इस समारोह में कई राजनेता और कारपोरेट जगत की हस्तियां भी उपस्थित थीं। बता दें कि ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड ने नई कंपनी - माई मीटिंग ऐप भी शुरू कर दी है जो कभी भी आपके पसंदीदा सेलेब के साथ एक वेबिनार की सुविधा प्रदान करता है। यह दुनिया का पहला ऐसा ऐप है जो दोनों तरह की मीटिंग को सम्भव बनाता है अर्थात आपके लिए वेबिनार (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) की सेवा पहुंचा सकता है या फिर डायरेक्ट मीटिंग या पार्टी के लिए जगह बुक करने की सुविधा भी देता है, मतलब एक ही ऐप इन दोनों सुविधाओं के साथ सामने आया है। वहीं ब्राइट और जेस्ट आउटडोर के एसोसिएशन की घोषणा भी की गई है जो एक ऐतिहासिक सहयोग होगा। ब्राइट आउटडोर ने मील का एक और पत्थर साबित करते हुए पिछले 6 महीनों में 9 वें डिजिटल एलईडी होर्डिंग को लॉन्च किया है। इस प्रकार ब्राइट हर ओर अपनी चमक बिखेर रहा है। ब्राईट और जेस्ट वर्ल्ड की पहली कंपनी ही जिसे ग्रीन एनर्जी और सोलार होर्डिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकाड्र्स में नाम दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि आउटडोर प्रोमोशंस के क्षेत्र में ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड सबसे भरोसेमंद कंपनी है जो देश के कोने-कोने में सबसे बड़े ब्रांड, मशहूर हस्तियों और कंपनियों के साथ जुड़ी हुई है। ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड के संस्थापक डॉ. योगेश लखानी न सिर्फ एक सफल व्यवसायी हैं बल्कि फिल्म प्रोड्यूसर और एक नरम दिल रखने वाले समाजसेवी भी हैं। होर्डिंग के माध्यम से ब्रांड प्रचार के क्षेत्र में योगेश लखानी की विज्ञापन कम्पनी नम्बर वन है। दो लाख से अधिक फिल्मों के अलावा एल्बम, ,वेब सीरीज , सीरियल , इवेंट्स और अवार्ड नाइट्स से भी उनकी कंपनी जुड़ी रही है। ब्राईट आउटडोर मीडिया लिमिटेड भारत की पहली इरए इरए SME Limited OOH कंपनी है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# क्या उर्फी जावेद ने कर ली सगाई?

**टीवी** एक्ट्रेस और सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद अक्सर ही अपनी ड्रेस की वजह से लाइमलाइट में छाई रहती हैं। उर्फी एक बार फिर से चर्चा में हैं। लेकिन इस बार वजह उनकी ड्रेस नहीं बल्कि कुछ और ही है। दरअसल, सोशल मीडिया पर लोग एक्ट्रेस से सवाल कर रहे हैं कि क्या उन्होंने सगाई कर ली है। चलिए जानते हैं कि क्या है मामला। सोशल मीडिया पर उर्फी की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फोटोज में वो हवन कुंड के पास बैठी नजर आ रही हैं, पूजा हो रही है और उनके साथ एक शख्स भी दिख रहा है। हालांकि वो आदमी कौन है उसका चेहरा नजर नहीं आ रहा है। उर्फी सलवार सूट में नजर आ रही हैं और उन्होंने सिर पर दुपट्टा भी कैरी किया है। तस्वीरों को देखकर लग रहा है कि उर्फी या तो उस शख्स को उंगली में कुछ पहना रही हैं या हाथों में कुछ बांधती नजर आ रही हैं। हालांकि पूरी तरह से साफ पता नहीं चल रहा है। इसी को देखकर सोशल मीडिया पर लोगों ने उनकी सगाई के कयास लगाने शुरू कर दिए। अब उनकी फोटोज पर लोगों के जमकर कमेंट आ रहे हैं और लोग उन्हें मुबारकबाद दे रहे हैं।



# फिल्म फ्लॉप होने पर कर्ज में डूबे थे बोनी



**फिल्म** प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने हाल ही में अपनी जिंदगी के सबसे बुरे वक्त के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' से लोगों को बहुत उम्मीदें थीं। सबको लगता था कि फिल्म हिट होगी लेकिन रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई। इस कारण बोनी कपूर को बहुत नुकसान हुआ था। हालात इतने खराब हो गए थे कि उन्हें कर्ज चुकाने के लिए संपत्ति बेचनी पड़ी थी। हालांकि इस बुरे वक्त में पत्नी और भाइयों ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया था। बोनी ने बताया था, जब फिल्म फ्लॉप हुई थी, तब उनका सारा पैसा इस प्रोजेक्ट में डूब गया था। लोगों से उधार लिए हुए भी पैसे खत्म हो गए थे। हालांकि इस बुरे वक्त में परिवार ने उन्हें पूरा सपोर्ट किया था। उनकी पहली मोना कपूर उनकी भलाई के लिए सिद्धि विनायक मंदिर नंगे पांव गई थीं। इस दौरान ने उनके भाइयों ने उनका पूरा सपोर्ट किया था।

# नहीं बन रहा 'जब वी मेट' का सीक्वल



**फिल्ममेकर** इम्तियाज अली ने साफ कर दिया है कि वो फिलहाल जब वी मेट का सीक्वल नहीं बना रहे हैं। इम्तियाज से 'जब वी मेट 2' के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मैंने कई जगह ये रिपोर्ट्स और आर्टिकल पढ़े। किसी ने इन्हें पब्लिश करने से पहले मुझसे नहीं पूछा इसलिए मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या करूं। मेरे पास जब वी मेट 2 की स्टोरी नहीं है तो अभी मैं तो कोई सीक्वल नहीं बना रहा हूं। आगे देखेंगे क्या होता है। 16 साल पहले आई 'जब वी मेट' के सीक्वल के कयास तब लगने शुरू हुए थे जब शाहिद ने सोशल मीडिया पर एक फैन के सवाल पर कमेंट किया था। फैन ने शाहिद से पूछा था, मैं आप और इम्तियाज अली को लगातार मीटिंग करते हुए देख रहा हूं। क्या किसी प्रोजेक्ट पर बात चल रही है? शाहिद ने इसपर रिप्लाई में लिखा था-स्मार्ट ब्वॉय। इससे पहले जब शाहिद से पूछा गया था कि क्या वे इसके सीक्वल पर काम करेंगे तो उन्होंने कहा था कि यह स्क्रिप्ट की क्वालिटी पर डिपेंड करता है। अगर यह ओरिजिनल फिल्म की कहानी को मैच करेगी तो मैं इसे जरूर करूंगा। 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'जब वी मेट' शाहिद कपूर, करीना कपूर और इसके डायरेक्टर इम्तियाज अली की लाइफ में बहुत बढ़ा चेंज लेकर आई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो हिट थी ही, क्रिटिक्स ने भी इसे खूब सराहा था।

